तापमान
अधिकतम 39.0 डिग्री
न्यूनतम 26.0 डिग्री

हरिभूमि
रत्न भूमि
रायपुर, मंगलवार 10 जून 2025

13 जिले के 38 हज़ार गरीबों को मिला आवास स्वीकृति का लाभ



14 पौधारोपण पर लाखों खर्च, सुरक्षा के बिना 90 प्रतिशत पौधे सूख गए






# 10वीं, 12वीं व स्नातक पास विद्यार्थियों के लिए फायर एवं इंडस्ट्रियल सेफ्टी प्रशिक्षण के द्वारा रोजगार का सुनहरा अवसर...

भिलाई। संस्था फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण केंद्र निजी संस्थान भिलाई में रोजगार मुखी प्रशिक्षण हेतु भर्ती योग्यता 10वीं 12वीं एवं स्नातक एवं स्नाकोत्तर किसी भी संकाय आयु 17 से 40 वर्ष फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा डिग्री डिप्लोमा कार्यरत कमर्चारी पार्ट टाइम फुल टाइम प्रशिक्षण कर सकते हैं, मान्यता प्राप्त प्रशिक्षण संस्थान एवं रोजगार विकास हेतु पंजीकृत FSDMI BHILAI मान्यता प्राप्त संस्था द्वारा विशेष प्रशिक्षण अग्निशमन एवं औद्योगिक सुरक्षा प्रबंध पाठ्यक्रम संचालित किया जा रहा है प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं को रोजगार उपलब्धता है, फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा की नियुक्ति फायर स्टेशन, कारखाने, खदानों, माइनिंग, पावर प्लांट, कार्गो हब फैक्ट्री कारखाने सरकारी एजेंसी, इंश्योरेंस कंपनी एवं अन्य जगहों में फायर अधिकारी, ट्रेनर, फायरमैन, औद्योगिक सुरक्षा निरीक्षक, सेफ्टी मैनेजर, फायर सुपरवाइजर, टीम लीडर जैसे अन्य पदों हेतु अवसर मिलते हैं तथा भविष्य में पदोन्नति की भरपूर संभावनाएं होती है साथ ही फायर एवं सेफ्टी ऑफिसर स्वयं रोजगार के लिए समर्थ होते हैं अनुमानित जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ राज्य में बने नए जिलों में अनुमानित लगभग 2000 पद फायरमैन एवं अग्निशमन वाहन चालक की भर्तियां आने की

इच्छुक छात्र आवेदन करें

फायर सेफ्टी के कोर्स

1. एक वर्ष फायर सेफ्टी
2. एक वर्षीय इंडस्ट्रियल सेफ्टी
3. बी.एस.सी फायर सेफ्टी
4. सेनेटरी हेल्थ इंस्पेक्टर
5. एडवांस्ड डिप्लोमा इंडस्ट्रियल सेफ्टी (ADIS)
6. पोस्ट डिप्लोमा इंडस्ट्रियल सेफ्टी (PDIS)
7. माह सर्टिफिकेट कोर्स फायर एवं सेफ्टी



संभावना है, संस्था से प्रशिक्षण प्राप्त कर छात्र-छात्राएं विभिन्न कंपनियों जैसे रक्षा मंत्रालय भारत सरकार (DRDO), भिलाई स्टील प्लांट, रेल मंत्रालय ब्रेथवेट कंपनी लिमिटेड, पावर प्लांट, सीमेंट प्लांट, स्टील प्लांट, एवं अन्य कंपनियों में ठेकेदारी बेस से कार्यरत कर रहे हैं संस्था FSDMI भिलाई में चल रहे 6 माह, 1 वर्षीय, फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण की जानकारी सूचना केंद्र में बताई जाएगी, संस्था द्वारा उपलब्ध सुविधाएं प्रशिक्षण के दौरान आत्मनिर्भरता के लिए सुविधा अनुसार पार्ट-टाइम, फुल-टाइम नौकरी दिलवाने में सहायता की जाती है जिससे छात्र-छात्राएं अपनी प्रशिक्षण की शुल्क एवं रहने और खाने क्या खर्च स्वयं से निकाल सकते हैं, प्रशिक्षण प्राप्त उम्मीदवारों एवं सफल अभ्यर्थियों को सरकारी प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा प्रशिक्षण उपरांत छात्रों को निजी कंपनियों में नौकरी लगने में सहायता की जाती है, सभी जाति वर्ग के (SC, ST, OBC, GENERAL) छात्र-छात्राओं संस्था के द्वारा प्रशिक्षण शुल्क में विशेष छूट दी जाएगी। **अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें: मो. 7697212782 पता: फायर सेफ्टी डिजास्टर मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट, (निजी संस्थान) इंदिरा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल, नजदीक - गदा चौक, सुपेला भिलाई, दुर्ग (छ.ग.)** Advt.


## सिकासार जलाशय में मात्र 18 प्रतिशत ही पानी बाकी

# जिले का एकमात्र सिंचाई बांध सिकासार जलाशय हुआ खाली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

प्रदेश में भले ही मानसून समय पूर्व प्रवेश हो गया है लेकिन स्थानीय सिस्टम मजबूत नहीं होने के कारण बारिश थम गई। वहीं प्रदेश के अधिकांश सिंचाई बांधों का जल स्तर कम हो गया है। वहीं जिले के एकमात्र सिंचाई परियोजना सिकासार जलाशय में नाममात्र पानी बांकी है।

जून के पहले ही सप्ताह में मात्र 18 प्रतिशत पानी ही बाकी है। यह सिंचाई परियोजना काफी महत्वपूर्ण सिंचाई परियोजना है इससे जिले के साथ ही अन्य जिलो मे भी सिंचाई किया जाता है मुख्य गेट को पानी छोड चुका है और 150 मीटर दूर पानी मुख्य गेट से पीछे है, गरियाबंद जिले के सबसे बडे सिंचाई परियोजना सिकासार जलाशय तेजी से सुखने लगा है, तहसील मुख्यालय मैनपुर से 26 किलोमीटर दुर सिकासार जलाशय का निर्माण सन 1977 में दो विशालकाय पहाडों के बीचों बीच बांधकर निर्माण किया गया है, और प्रदेश के काफी महत्वपूर्ण सिंचाई परियोजना में से एक है,सन 1977 – 78 में महज 70–80 लाख रूपये बहुत कम लागत में इस सिंचाई परियोजना का निर्माण किया गया था बाद में इस सिंचाई परियोजना में मरम्मत के नाम पर करोडो रूपये खर्च किये गये है, इस सिकासार जलाशय में पानी की कुल भराव क्षमता 200 मियिलन टन घनमीटर है और 90 गांवो में 40 हजार हेक्टयेटर में सिंचाई के लिए पानी दिया जाता है, इस वर्श अप्रैल मे ही यह बांधी काफी सूख गया था गर्मी के कारण यहा पानी बेहद कम बचा हुआ है यहा तक की मुख्य गेट से 150 मीटर दुरी पर पानी सुख चुका है और यहा मुख्य 22 गेंट



### बड़ी संख्या में पहुंचते हैं पर्यटक

ज्ञात हो कि सिकासार जलाशय में रायपुर, दुर्ग भिलाई, कोरबा, धमतरी, सरगुजा, बस्तर, बिलासपुर जैसे बडे शहरों से लोग आते ही है इसके साथ ओडिसा और मध्यप्रदेश अन्य प्रदेशों से भी बडी संख्या में पर्यटक पहुचते है खासकर रविवार के दिन यहां भारी भींड देखी जाती है लेकिन पर्यटकों के लिए कोई सुविधा नही है।

### जलाशय में बिजली उत्पादन संयंत्र भी स्थापित

सिकासार जलाशय में करोड़ो रूपए की लागत से विद्युत संयंत्र का निर्माण लगभग 19 वर्श पूर्व किया गया है, छत्तीसगढ राज्य विद्युत मंडल द्वारा सिकासार जल विद्युत गृह से 23.5 मेगावाट बिजली के उत्पादन होने की जानकारी दिया जाता है।

### पानी गेट से काफी दूर

सिंचाई विभाग के एसडीओ मनोज टांडिल्य ने बताया कि सिकासार जलाशय में मात्र 18.12 प्रतिशत पानी ही बाकी है और गेट से पानी काफी दूर हो चला है।

## भाठीगढ़ पहाड़ी क्षेत्र में मादा तेंदुआ व शावक का आमद से दहशत



**मैनपुर।** मैनपुर क्षेत्र में तेन्दुआ व अन्य वन्य प्राणी आसानी से दिखाई देते है लेकिन पिछले एक पखवाड़े से मैनपुर से लगे पैरी उद्गम स्थल भाठीगढ़ पहाड़ी के नीचले छोर गोबरा मार्ग मे मादा तेन्दुआ और उसके शावक को आसानी से देखा जा रहा है। मादा तेन्दुआ और शावक की दहाड़ से इस मार्ग मे आने जाने वाले राहगीरों में डर बना हुआ है। मिली जानकारी के अनुसार गोबरा मार्ग में शुक्रवार शाम 6.00 बजे मोटरसायकल से मैनपुर की तरफ आ रहे दो युवकों ने सड़क को पार कर पहाड़ी के तरफ मादा तेन्दुआ और उसके शावक को जाते देखा तो डर के मारे वापस फिर ▶▶| शेष पेज 12 पर






## निर्माण राशि में गबन उजागर पूर्व महिला सरपंच जेल दाखिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

जिले के मैनपुर विकासखंड अंतर्गत एक ग्राम पंचायत के पूर्व सरपंच को शासकीय निर्माण कार्य ग्राम पंचायत की राशि गबन करना महंगा पड़ा और मैनपुर एसडीएम न्यायालय द्वारा इस मामले मे कार्यवाही करते हुए आरोपी पूर्व सरपंच को जेल भेजने की कार्यवाही की जा रही है। अनुविभागीय कार्यालय राजस्व से मिली जानकारी के अनुसार न्यायालय अनुविभागीय दण्डाधिकारी मैनपुर के राजस्व प्रकरण क्रमांक 202209221800006 अनावेदिका देवकी सोरी पति सोनसाय सोरी, पूर्व सरपंच ग्राम पंचायत सिहारल्टी, उम्र 45 वर्ष, निवासी ग्राम सिहारलटी ग्राम पंचायत सिहारलटी, तहसील अमलीपदर जिला गरियाबंद के विरूद्ध 2,30,000 रूपए ग्राम पंचायत की निर्माण राशि गबन का प्रकरण विचाराधीन है। अनावेदिका देवकी सोरी पति सोनसाय सोरी, पूर्व सरपंच ग्राम पंचायत सिहारलटी, उम्र 45 वर्ष, निवासी ग्राम सिहारलटी ग्राम पंचायत सिहारलटी, तहसील अमलीपदर जिला गरियाबंद पेशी में लगातार अनुपस्थित थी। उक्त अनावेदिका देवकी सोरी, को नलिनी पाण्डेय, महिला आरक्षक ▶▶| शेष पेज 12 पर



## कोपरा स्वास्थ्य केंद्र में एक घंटे में दो सुरक्षित प्रसव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कोपरा में रविवार तड़के रात्रिकालीन ड्यूटी पर तैनात महिला आरएचओ पूनम सिन्हा ने एक घंटे के भीतर दो गर्भवती महिलाओं का सुरक्षित और सफल सामान्य प्रसव अकेले संपन्न कराया। दोनों नवजात शिशु एवं माताएं पूरी तरह स्वस्थ हैं।

पहला मामला ग्राम सुरसाबांधा की 23 वर्षीय वंदना साहू (पति गजेंद्र साहू) का था, जिन्हें रात 1.20 बजे प्रसव पीड़ा के साथ स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। आरएचओ पूनम सिन्हा की निगरानी में वंदना ने रात 2 बजकर 46 मिनट पर 3.700 किलोग्राम वजनी स्वस्थ शिशु को जन्म दिया। यह उनका प्रथम प्रसव था।

इसके बाद ग्राम तर्रा निवासी 27 वर्षीय यज्ञा तारक (पति ओंकार तारक) को सुबह 03 बजे लाया गया। उनका यह द्वितीय प्रसव था, जिसमें उन्होंने 3 बजकर 58 मिनट पर 2.7 किलोग्राम वजनी स्वस्थ शिशु को जन्म दिया। दोनों ही डिलीवरी पूर्णतः सामान्य एवं सुरक्षित रूप ▶▶| शेष पेज 12 पर








## खबर संक्षेप

### परसकोल में महिला से मारपीट, जुर्म दर्ज

**महासमुंद**। ग्राम परसकोल की एक महिला के साथ मारपीट के मामले में कोतवाली पुलिस ने आरोपी के खिलाफ जुर्म दर्ज किया है। पुलिस को प्रार्थिया अमरिका बंजारे निवासी ग्राम परसकोल वार्ड नंबर 13 ने बताया कि 6 जून की रात 8.30 बजे वह अपने परिवार के साथ खाना खा रही थी, तभी गांव का खेमराज सेवई घर और मेरे पति दिलीप बंजारे के बारे में पूछा, तब उसने बताया कि वह खाना खा रहा है। इसके बाद खेमराज सेवई ने उसके पति से 2 सौ रुपए के संबंध में बात की। उक्त व्यक्ति को महिला के पति ने घर से बाहर किया। इस दौरान महिला अपने ब्यारा में थी। खेमराज के पिता चंद्रशेखर सेवई आए और दोनों एक राय होकर गाली गलौज करते हुये जान से मारने की धमकी देते हुये डंडे से मारपीट की। मामले में आरोपियों के खिलाफ धारा 115(2), 296, 3(5), 351(3) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया है।

### जिले में मोटर साइकिल चोरी के तीन मामले

**महासमुंद**। जिले के पिथौरा, सरायपाली व सांकरा थाना अंतर्गत तीन अलग- अलग मामले में अज्ञात चोरों ने दो बाइक व एक स्कूटी चोरी को अंजाम दिया है। पुलिस ने तीनों मामले में बीएन एस की धारा 303(2) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया है।जानकारी के अनुसार पिथौरा थाना अंतर्गत ग्राम कौहाकुडा निवासी नीतिश अग्रवाल ने पुलिस में शिकायत किया कि मेरी स्कूटी क्रमांक सीजी 06 एच सी 9659 से अपने घर से दुकान करीबन 11 बजे आया था। आधा घंटे के बाद बाथरूम करने के लिये दुकान के पीछे गया वापस आकर देखा तो जहां मैने अपने स्कूटी को खड़ा किया था वहां पर नहीं था। मेरी स्कूटी कीमत लगभग 80 हजार रूपये को किसी अज्ञात चोर द्वारा चोरी कर ले गया है। इसी प्रकार सरायपाली थाना अंतर्गत वार्ड नं 7 आंवलाचक्का निवासी हृदय निषाद ने पुलिस में शिकायत किया कि मैं 28 मई को करीब 12 बजे अपनी बाइक क्रमांक सी जी 06 जी क्यू 6108 को लाक कर घर के सामने गली में बाजार जाने के लिए खडा कर घर के अंदर आ गया था। करीबन आधे घंटे बाद जब घर से बाहर आया तो वहाँ खड़ी बाइक नहीं थी।

### आज से बदलेगा मौसम, बारिश के साथ मानसून देगा दस्तक

**महासमुंद**। आज के बाद मौसम में बदलाव आने के संकेत मिल रहे हैं। बारिश के साथ मानसून की भी एंट्री हो सकती है। मौसम विभाग ने बारिश की गतिविधियां बढ़ने की संभावना जताई है। वहीं आज दिन में सोमवार की ही तरह भीषण गर्मी का अहसास होगा। जिसे बाद शाम होते ही बारिश की संभावना जताई जा रही है। एक जून से अब तक औसत 15.5 मिमी बारिश महासमुंद में होती है। अब तक केवल 4.4 मिमी ही बारिश हुई है। औसत के हिसाब से 69 प्रतिशत कम बारिश दर्ज की गई है। जबकि, 2025 के मई माह में औसत से ज्यादा वर्षा हो गई थी। मौसम विभाग ने महासमुंद जिले में इस वर्ष 993.3 मिमी औसत वर्षा का अनुमान लगाया है। महासमुंद विकासखंड में 1265 मिमी, सरायपाली में 1225 मिमी, बसना में 1268, पिथौरा में 1172.8 मिमी और बागबाहरा में 1026 औसत वर्षा होने का अनुमान है। पिछले 10 वर्षों के आंकड़ों के आधार पर औसत वर्षा का अनुमान लगाया जाता है।

## निधन

### निखलेश नन्दे



**मुड़ागांव(कोरासी)**। ग्राम खड़मा निवासी निखलेश नन्दे का निधन 8 जून को हो गया। वे वरिष्ठ भाजपा नेता व समाजसेवी वेदराम नन्दे के छोटे भाई के लड़का व संतोष नन्दे (भतिजा) ईन्द्रजीत नन्दे (भाई) गौरव नन्दे (भाई) निलकंठ नन्दे (भाई) थें उनके अंतिम संस्कार गृह ग्राम के शमशान घाट में किया गया उनके अंतिम संस्कार में समस्त नन्दे परिवार सहित ग्रामीणजन शामिल हुए।

# देवगांव में 30 फलदायी पौधे लगाए गए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुईहा बेलर



ग्राम पंचायत चरभट्ठी के आश्रित ग्राम देवगांव में विधायक राजिम रोहित साहू के जन्मदिन पर एक पेड़ मां के नाम' अभियान की शुरूआत हुई। जिसमें सांकेतिक 30 फलदार पौधे लगाए। मानसुन आने पर कुल 200 पौधे लगाए जायेंगे।

पूर्व सरपंच ओमप्रकाश साहू ने कहा कि पेड़ हमारे जीवन का आधार हैं। 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान न केवल पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देता है, बल्कि यह हमारी माताओं के प्रति सम्मान का भी प्रतीक है। प्रेरित करने को पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि पर्यावरण को बचाना आज की नहीं, बल्कि भविष्य की भी जरूरत है। आगे कहा कि पर्यावरण को बचाना हम सबकी सामूहिक ज़िम्मेदारी है। भाजपा मंडल फिंगेश्वर अध्यक्ष मंजुलता हरित,पुर्व सरपंच ओमप्रकाश साहू, पुर्व सरपंच संगीता साहू, सरपंच चरभट्ठी देवगांव राजेन्द्र साहू, सियाराम साहू, देवशरण साहू, भुवन, जितेन्द्र, पंचायत सचिव यशवंत साहू,

## खुटेरी में किया गया पौधारोपण



**छुईहा बेलर**। राजिम विधानसभा क्षेत्र के विधायक रोहित साहू के जन्मदिन पर क्षेत्र के गांव गांव में विविध आयोजन किया गया। कहीं पूजा-पाठ किया गया कहीं फल वितरण किया गया तो कई गांवों में वृक्षारोपण करके विधायक जी को जन्मदिवस के शुभकामनाएं दी गई। ग्राम पंचायत खुटेरी में ग्राम के सरपंच उपसरपंच पंचायत प्रतिनिधि कार्यकताओं एवं ग्राम के वरिष्ठ नागरिकों के द्वारा पंचायत भवन आगनबाड़ी मौहारीभांटा में वृक्षारोपण किया गया। इसके साथ ही पंचायत के आश्रित ग्राम खुड़यिाडीह में भी फलदार पौधारोपण किया गया। उक्त कार्यक्रम में ग्राम पंचायत खुटेरी के सरपंच बेनीशंकर साहू, उपसरपंच ढालसिंग निषाद, गयाराम सेन, एनसिंग साहू, द्वारिका साहू, लेखु निषाद, लुकेश ध्रुव, पप्पू साहू राजकुमार निषाद इतवारी यादव खेलावन साहू सुखराम यादव बलराम सेन देवचरन साहू शिव यादव दाऊलाल साहू व ग्रामवासी उपस्थित होकर धूमधाम से मिठाई बांटकर विधायक का जन्मोत्सव मनाए।

# पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश



**छुईहा बेलर**। राजिम क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक रोहित साहू के जन्मदिवस के शुभ अवसर पर सरपंच, उपसरपंच, पंचगण एवं भाजपा कार्यकर्ताओ द्वारा प्रधानमंत्री मोदी एवं मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा चलाए जा रहे एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत वृक्षारोपण किया गया एवं शा. प्राथमिक शाला में निर्मित अतिरिक्त कक्ष निर्माण स्कूल शिक्षा मद राशि 4.71 लाख का सरपंच गज्जू सिन्हा के कर कमलों से सोमवार को लोकार्पण किया गया। इस अवसर पर कार्यकर्ताओ ने पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए विभिन्न स्थानों पर पौधारोपण किया। विधायक रोहित साहू के द्वारा ग्राम पंचायत कुंडेल को बाजार चौक में टीना शेड निर्माण मंडी विकाश बोर्ड से राशि 11.43 लाख, बजरंग चौक टीना शेड निर्माण, राशि 8 लाख, शीतला पहुंच मार्ग सीसी रोड राशि 5 लाख विकाश कार्यों की सौगात मिल चुकी है,जिसे विधायक के मंशानुरूप आज के दिन भाजपा कार्यकर्ता को भुमिपुजन लोकार्पण करने की विशेष अनुमति दी थी। कार्यक्रम में गज्जू सिन्हा सरपंच ग्राम पंचायत कुंडेल, कुश बाई तुलसी पुरेना उपसरपंच ग्राम पंचायत कुंडेल, सरस्वती बाबूलाल, खुशबू रमेश सिन्हा, निशा यादराम सिन्हा, जयप्रकाश सिन्हा, सेवाराम पटेल, डिगेश्वरी कामता सिन्हा, रेखराम ढीढी, रेखा पीताम्बर चक्रधारी, राजकुमारी ढीढी, शामबाई दीवान, रमेश कुमार सिन्हा भाजपा कार्यकर्ता, पारख चक्रधारी बूथ अध्यक्ष, कैलाश चक्रधारी भाजपा कार्यकर्ता, देवलाल चक्रधारी, चेतन सिन्हा, नितेश सिन्हा, हीरालाल सिन्हा, तोरण सिन्हा, भारत भूषण सिन्हा, भारत सिन्हा, कुंजलाल सिन्हा, रामनारायण सिन्हा, खिलेश्वर सिन्हा उपस्थित थे।

## रवेली में किया गया पौधा रोपण



**कोपरा**। सोमवार को राजिम विधानसभा क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक रोहित साहू के जन्मदिन पर ग्राम पंचायत रवेली के उपसरपंच पुखराज साहू ने अपने युवा साथियों के साथ मिलकर बिजली ऑफिस रवेली में नीम का पौधा रोपण कर विधायक के जन्मदिन को और खास बनाया। पौधे या वृक्ष लगाना यह पर्यावरण को बचाने, प्रदूषण को कम करने, और प्राकृतिक संतुलन बनाए रखने में मदद करता है। इस अवसर पर ग्राम रवेली के उपसरपंच पुखराज साहू, ताराचंद निषाद नागेश घोघरे, हुलास ध्रुव, डिगेश साहू, धर्मेंद्र निषाद उपस्थित रहे।

## जामली में नीम, पीपल, बरगद फलदार पौधों का रोपण किया



**पाटसिवनी (पिपरहट्ठा)**। विधायक रोहित साहू राजिम विधान सभा क्षेत्र के जन्मदिन उपलक्ष्य में ग्राम पंचायत जामली के ग्रामीणों द्वारा नीम, पीपल,बरगद, व फलदार पौधों का रोपण किया गया व सुरक्षा का संकल्प लिया गया। पौधारोपण करते हुए क्षेत्र में सुख शांति की कामना की गई। इस दौरान जनपद सदस्य भेषमती रूपसिंह साहू,सरपंच बहुर सिंह दीवान, उपसरपंच राजेन्द्र यादव भाजपा कार्यकर्ता डिगेंद्र निषाद, मंगतू यादव, त्रिलोचन, लुकेश, पंच गण शेखबाई, उमा ध्रुव एवं ग्रामवासी उपस्थित थे।

## ग्राम मुरमुरा में शीतला मंदिर प्रांगण पर किया पौधारोपण



**कोपरा**। विधायक रोहित साहू के जन्मदिवस के शुभ अवसर पर ग्राम मुरमुरा में शीतला मंदिर प्रांगण पर पौधारोपण किया गया। इस अवसर पर कार्यकर्ताओ ने पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए विभिन्न स्थानों पर पौधारोपण किया।

तथा विधायक रोहित साहू द्वारा स्वीकृत शीतला मंदिर प्रांगण पर सामुदायिक भवन निर्माण लागत राशि 8 लाख रुपए का समस्त ग्रामवासी के द्वारा भूमिपूजन किया गया। कार्यक्रम में सरपंच दीपक कुमार ध्रुव, बुथ अध्यक्ष सुरेंद्र कुमार साहू, खोवाराम साहू, गैदराम साहू, अनिल कुमार साहू, खेलावन साहू, रेखराम साहू, जगदीश साहू, चनद्रिका साहू, सागर ध्रुव, हरिश्चंद्र ध्रुव, कुलेश्वर साहू, गिरीश साहू, चेतन ध्रुव, पूर्व सरपंच दशोदा बाई ध्रुव, मोनिका साहू, संतोषी साहू, सहीत समस्त पंच एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे तथा सभी ने मिलकर पर्यावरण संतुलन बनाए रखने के लिए पौधारोपण किया।

# शीतला परिसर लोहझर खट्टी में शेड निर्माण के लिए भूमि पूजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुड़ागांव(कोरासी)

ग्राम लोहझर में विधायक रोहित साहू के जन्मदिवस पर भाजपा पदाधिकारी कार्यकर्ताओ द्वारा भूमि पूजन विधायक द्वारा स्वीकृत शेड निर्माण 9 लाख 93 हजार शीतला परिसर लोहझर खट्टी में शेड निर्माण भूमि पूजा एवं पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

राजिम क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक माननीय रोहित साहू के जन्मदिवस के शुभ अवसर पर ग्राम लोहझर के भाजपा खड़मा मंडल पदाधिकारी कार्यकर्ताओ द्वारा प्रधानमंत्री मोदी एवं मुख्यमंत्री विष्णु देव साय द्वारा चलाए जा रहे एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत वृक्षारोपण किया गया। इस अवसर पर मीरा ठाकुर वेश ठाकुर जनपद पंचायत अध्यक्ष छुरा, सुखबती टांडे, जनपद सदस्य, यशवंत ठाकुर सरपंच ग्राम पंचायत लोहझर, सातों बाई ठाकुर उपसरपंच ग्राम पंचायत लोहझर, संदीप पांडे पूर्व मंडल अध्यक्ष, गुलशन सिंहा मंडल महामंत्री, पुरुषोत्तम गिरी मंडल कोषाध्यक्ष, हैप्पी उपसरपंच ग्राम पंचायत मड़ेली कार्यकर्ताओ ने पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए विभिन्न स्थानों पर पौधारोपण किया।

कार्यक्रम में, भरत निषाद युवा मोर्च उपाध्यक्ष, राहुल मिरी बूथ अध्यक्ष, विक्की यदु बूथ अध्यक्ष, रेखराम बंदे ग्राम पंचायत लोहझर पंचगण, राहुल मिरी,खम्भन नागेश, भरत बंदे, मनीराम ध्रुव घनश्याम ध्रुव, अरुण ठाकुर, हेमू पटेल संगीत कांकडे, दीपाबाई यादव, भुनेश्वरी बघेल, मान बाई ठाकुर, संगीता बंजारे ,जगती बाई, पार्वती बाई ठाकुर, रामबाई दिवान गांव के वरिष्ठ सियान, भानु प्रताप ठाकुर, खेमराज सेन, झाड़ू राम चक्रधारी, सोहन साहू, नैनसिग़ साहू मिलकर पर्यावरण संतुलन बनाए रखने के लिए पौधारोपण किया।

# पितईबंद रेत घाट में समाचार कवरेज के लिए गए पत्रकारों के साथ मारपीट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम



गरियाबंद जिले के राजिम थाना क्षेत्र अंतर्गत पितईबंद रेत घाट में फिंगेश्वर के पत्रकार, शेख इमरान, जितेन्द्र सिन्हा, थानेश्वर साहू, नेमीचंद बंजारे और कैमरामैन लक्ष्मीशंकर समाचार कवरेज के लिए गए थे। जहां इन पर रेत माफियाओं के लोगों ने पत्रकारों के साथ मारपीट की और हवाई फायरिंग किए जाने की बात सामने आई है। पत्रकार शेख इमरान ने बताया कि पितईबंद गांव में चल रहे रेत खनन की सूचना पर हम पांच पत्रकार कवरेज के लिए पहुंचे थे। वहां मौजूद रेत माफियाओं ने अचानक हमला कर दिया। जान बचाने के लिए हमें तीन किलोमीटर तक भागना पड़ा और एक घंटे तक खेतों में छुपे रहे। घटना की जानकारी मिलते ही एसडीएम विशाल महाराणा और राजिम थाना प्रभारी अमृतलाल साहू मौके पर पहुंचे और सुरक्षित थाना पहुँचाया। इस घटना के विरोध में पत्रकारों में रोष व्याप्त है। पत्रकार, राजिम के पं सुंदरलाल शर्मा चौक में धरना प्रदर्शन कर रहे हैं। पत्रकारों की मांग है कि घटना में संलिप्त दोषियों के खिलाफ कार्यवाही हो। जब तक कार्रवाई नहीं होती तब तक हम यहीं बैठे रहेंगे। प्रशासन को हमारी सुरक्षा की गारंटी देनी होगी। प्रदर्शनकारी लगातार जिला प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी कर रहे हैं। पत्रकारों का कहना है कि यदि अपराधियों पर सख्त कार्रवाई नहीं हुई, तो आंदोलन और उग्र होगा। इस हमले ने न सिर्फ पत्रकारिता की स्वतंत्रता पर सवाल खड़े कर दिए हैं, बल्कि प्रशासन की कार्यप्रणाली पर भी गंभीर चिंता जताई है। टीआई अमृतलाल साहू से पत्रकारों का एक प्रतिनिधिमंडल मुलाकात किया।

# विधायक रोहित साहू को बधाई देने लगा रहा तांता





**राजिम**। विधायक रोहित साहू को जन्मदिन की बधाई देने वालों में राजिम के पूर्व विधायक संतोष उपाध्याय, नगर पंचायत अध्यक्ष महेश यादव, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष रेखा-जितेन्द्र सोनकर, राजिम भक्तिन माता मंदिर समिति के अध्यक्ष लाला साहू, अभनपुर सरपंच संघ के पूर्व अध्यक्ष पारस सिंह ठाकुर, नगर पंचायत राजिम के पार्षद टंकू सोनकर, प्रवीण पुष्पाकर, सभापति कुलेश्वर साहू, परतेवा सरपंच षटकोण साहू, रितेश यादव, जेंजरा सोसायटी अध्यक्ष महेश साहू, कौंदकेरा सोसायटी अध्यक्ष बाबूलाल साहू, कोमा सोसायटी अध्यक्ष ओमप्रकाश साहू, विधायक प्रतिनिधि विजय कड़रा, किशोर साहू, पन्ना साहू, लोकनाथ साहू, पार्षद आकाश सिंह राजपूत सहित बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता और गणमान्य नागरिक शामिल थे।

## बोल कालिया के जयकारों से गुंज उठा मैनपुर नगर

# राष्ट्रीय कथावाचक पंडित युवराज पांडेय का भव्य स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर



राष्ट्रीय कथा वाचक पंडित युवराज पांडेय का मध्यप्रदेश में कथा चल रहा था मध्यप्रदेश मे कथा समाप्त होने के बाद सोमवार को अपने निवास लौटते समय पूरे गरियाबंद जिले के गांव- गांव उनका ऐतिहासिक जोरदार स्वागत किया गया धवलपुर के बाद दोपहर 12 बजे मैनपुर पहुंचे पंडित युवराज पांडेय का बस स्टैण्ड मैनपुर में गाजे बाजे एवं आतिशबाजी कर फूलमाला से जोरदार स्वागत किया गया। इस दौरान बोल कालिया के जयकारों से मैनपुर नगर गुंज उठा। पंडित युवराज पांडेय के स्वागत मे लाल कारपेट बिछाया गया था और लोक निर्माण विभाग विश्राम गृह मे क्षेत्रभर से पहुंचे लोगो ने पंडित युवराज पांडेय का आत्मीय स्वागत किया इस दौरान क्षेत्र मे सुख शांति समृद्धि खुशहाली के लिए उन्होने भगवान से प्रार्थना किया।

इस मौके पर प्रमुख रूप से पंडित नंदकिशोर चौबे, श्रीरामसेना अध्यक्ष मोहित द्विवेदी, मैनपुर सरपंच हनिता नायक, ईशु शर्मा, तिजेश्वर सोनवानी, पुष्पेन्द्र पटेल, बप्पी सचदेव, गेंदू यादव, लोचन निर्मलकर, पुलस्त शर्मा, सुनील पटेल, मुरारी पटेल, नंदकिशोर पटेल, उमेन्द्र निर्मलकर, कोमल साहू, अजय बघेल, जागे"वर ध्रुव, मनोज निर्मलकर, आदित्य त्रिवेदी, देव साहू, रोशन पटेल, सतन यादव, दीपक, छोटू पटेल, कृष्ण कुमार त्रिपाठी, पारेश्वर नेताम, बलदेव नायक, भावेश साहू, सुनील साहू, मुकुंद निर्मलकर, वरूण पटेल, योगेश निषाद, डिपेन्द्र साहू, तिलेश्वर निर्मलकर, मनीष निर्मलकर, देवेन्द्र साहू, गगन निर्मलकर, कन्हैया निर्मलकर, गोविन्द पटेल, शेखर पटेल सहित बड़ी संख्या मे क्षेत्र के युवा एवं महिलाएं ग्रामीण जन उपस्थित थे।

### रैली के साथ सैकड़ों युवकों ने किया जयघोश

मैनपुर विकासखंड से धुरवागुड़ी से लेकर अमलीपदर गृह ग्राम तक जगह जगह पंडित युवराज पांडेय का ऐतिहासिक स्वागत किया गया। फूलों की बारिश की गई और मोटरसायकिल में भगवा ध्वज लिए युवाओं की टोली जमकर जयघोश लगाते चल रहे थे लगभग 8 से 10 किमी तक महाराज जी के स्वागत रैली में भारी भीड़ के साथ भारी उत्साह देखने को मिला।

## पेज 11 के शेष

### भाठीगढ़ पहाड़ी क्षेत्र में ...

गोबरा लौट गया और तुमड़ीबहार होते हुए मैनपुर वापस लौटा हालांकि मवेशी चराने वाले तथा लकड़ी लेने के लिए जाने वाले ग्रामीणों के द्वारा पिछले एक सप्ताह से अंदर ही अंदर यह चर्चा आम हो चली है कि तेन्दुआ और उसके शावक पहाड़ी क्षेत्र मे घूम रहा है जिसके कारण इस मार्ग मे देर शाम रात तक जाने वाले लोगो मे डर देखने को मिल रहा है। भाठीगढ़ पहाड़ी में तेन्दुआं दिखाई देना सामान्य बात है लेकिन तेन्दुआं के साथ उसके शावक दिखने से लोगो मे डर बनी हुई है क्योंकि वन्य प्राणी अपने बच्चे की सुरक्षा को लेकर काफी आक्रमक हो सकते है इसकी जानकारी स्थानीय वन विभाग के अधिकारी कर्मचारियों को दिया गया है।

### निर्माण राशि ...

(524) थाना देवभोग के द्वारा गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष में प्रस्तुत किया गया। अनावेदिका से प्रकरण में राशि जमा करने को कहा गया तो उनके द्वारा कोई रूचि नहीं ली गई तथा पूछताछ करने पर गोलमाल जवाब दिया गया है। अतः उपरोक्त कारण के चलते देवकी सोरी पति सोनसाय सोरी, पूर्व सरपंच ग्राम पंचायत सिहारलटी, उम्र 45 वर्ष, निवासी ग्राम सिहारलटी ग्राम पंचायत सिहारलटी, तहसील अमलीपदर जिला गरियाबंद को जेल भेजे जाने की कार्यवाही की गई है। साथ ही भविष्य में अन्य विचाराधीन प्रकरणों में भी जेल भेजे जाने की कार्यवाही की जायेगी।

### कोपरा स्वास्थ्य केंद्र...

से संपन्न हुईं। गौरतलब है कि पूनम सिन्हा पूर्व में भी कई जोखिमभरे व जटिल प्रसवों को सफलतापूर्वक संभाल चुकी हैं। कोपरा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का क्रिटिकल डिलीवरी मामलों को नार्मल डिलीवरी में बदलने का एक अच्छा रिकॉर्ड रहा है, जो यहां की चिकित्सा सेवाओं की दक्षता, अनुभव और संवेदनशीलता को दर्शाता है। स्थानीय ग्रामीणों व स्वास्थ्य विभाग द्वारा आरएचओ पूनम सिन्हा की सेवा भावना, कार्यकुशलता और निष्ठा की सराहना की गई है।

## खबर संक्षेप

### प्राकृतिक आपदा के दो प्रकरणों में 8 लाख रुपए सहायता राशि स्वीकृत

**गरियाबंद।** कलेक्टर बीएस उइके ने प्राकृतिक आपदा से मृत्यु के दो प्रकरण में राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के तहत मृतक के परिजनों को 4-4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार छुरा तहसील के ग्राम चरौदा निवासी 36 वर्षीय सुकली बाई गोंड उर्फ पुसली बाई की 17 जुलाई 2024 को सर्पदंश से मृत्यु हो जाने के कारण मृतिका के निकटतम परिजन कंश लाल नेताम को 04 लाख रुपये तथा ग्राम पंडरीपानी निवासी 44 वर्षीय जोहतरीन बाई की 30 मई 2024 को तालाब में गिरकर डूबने से मृत्यु हो जाने से मृतिका का निकटतम परिजन हुमेश्वर सोरी को 4 लाख रूपये की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है।

### अतरमरा में रोपे गए पौधे

**पाण्डुका।** राजिम विधायक रोहित साहू के जन्मदिन के अवसर पर समीपस्थ ग्राम अतरमरा में एक पेड़ मां के नाम तहत विभिन्न स्थानों पर फलदार एवं छायादार पौधों का रोपण किया गया। जिसमें जिला पंचायत सभापति शिवांगी चतुर्वेदी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में एक पेड़ मां के नाम अभियान पूरे देश में चलाया जा रहा। इस अभियान का उद्देश्य हर नागरिक को अपनी मां के नाम पर एक पौधा लगाने के लिए प्रेरित करना है तथा उन्होंने लोगो से आगे भावी पीढ़ीयो के उज्जवल भविष्य ले लिए अधिकाधिक पेड़ लगाने और उसकी देखभाल करने का आह्वान किया गया। इसअवसर पर जनपद सदस्य दुलारी साहू, सरपंच केजा बाई ध्रुव, मण्डल उपाध्यक्ष गोविंद तिवारी, हेमंत निर्मलकर, टीकम सिन्हा, रामकुमार साहू, हेमलता साहू सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

**आयोजन :** विधायक ने सेम्हरतरा के ग्राम पंचायत भवन में मेधावी छात्र-छात्राओ को किया सम्मानित

# जिले के 38 हजार गरीबों को मिला आवास स्वीकृति का लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

राजिम विधायक रोहित साहू का जन्मदिन सोमवार 9 जून को भाजपा कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों ने काफी धूमधाम से मनाया। विधायक को राज्य के सीएम विष्णुदेव साय,डिप्टी सीएम अरूण साव,डिप्टी सीएम विजय शर्मा सहित मंत्री मंडल के सभी मंत्री, छत्तीसगढ़ के सांसद और उनके सभी विधायक साथियो ने फोन पर न केवल जन्मदिन की बधाईदी बल्कि सुदीर्घ जीवन की मंगल कामना किया। राजिम और गृहग्राम पिपरछेड़ी में विधायक श्री साहू को बधाई देने वालों का तांता सुबह से देर रात तक लगा रहा। कई बड़े कार्यक्रम हुए। सेम्हरतरा-पिपरछेड़ी जहां से वे दो बार सरपंच बल्कि ब्लॉक सरपंच संघ के अध्यक्ष बने इस गांव के विभिन्न निर्माण और विकास कार्यो के लिए 45 लाख रूपए देने का घोषणा किया। बता दें कि सुबह से विधायक रोहित साहू अपने निवास में श्री हनुमान जी महाराज की पूजा आरती परिवार सहित किया। माता-पिता का चरण स्पर्श कर आशीर्वाद लिया और भगवान श्री राजीव लोचन ,बाबा गरीबनाथ महादेव के मंदिर तथा प्राचीन मां महामाया मंदिर पहुंचकर पूजा कर समूचे राजिम क्षेत्र के खुशहाली सुख समृद्धि के लिए मंगल कामना किया। राजिम नगर पंचायत में विधायक श्री साहू को धान से तौला गया। उसके बाद राजिम विधानसभा के नगरीय निकायों को प्रदान की जाने वाली पानी टेंकर की पूजा किया। विधायक श्री साहू का काफिला यहां से कोमा गांव पहुंचा। कोमा में पौधारोपण किया गया। उसके बाद विकासखंड स्तरीय प्रतिभावान छात्र-छात्राओं के सम्मान समारोह में ग्राम सेम्हरतरा में शामिल हुए।

- भाजपा कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों ने विधायक का मनाया जन्मदिन

### तेजी से हो रहा क्षेत्र का विकास

सेम्हरतरा के ग्राम पंचायत भवन में छात्र-छात्राओ के सम्मान समारोह के दौरान विधायक रोहित साहू ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि यह मेरा कर्म भूमि है। आपने मुझे दो बार सरपंच बनाया और जिला पंचायत सदस्य भी। सरपंच संघ का अध्यक्ष भी आप लोगों के आशीर्वाद से बना और आज विधायक के रूप में आपके सामने हूं। कहा कि इच्छा शक्ति को मजबूत करें तभी मंजिल प्राप्त होगा। मै बता दूं कि सरपंच बनने का सपना देखना शुरू किया था और आपने मुझे मौका दिया सेम्हरतरा का जितना विकास हो सका मैने किया और मुझे विधायक बनाकर पूरे राजिम विधानसभा क्षेत्र का विकास करने के लिए भेजे है। विधायक श्री साहू ने कहा कि मोदी जी के गारंटी और विष्णुदेव साय के सुशासन में छत्तीसगढ़ काफी तेजी के साथ विकास के पथ पर आगे बढ़ रहा है। बताया कि गरियाबंद जिले में 38 हजार गरीबों का आवास रूका हुआ था जो स्वीकृत हुआ। इसके बाद दूसरा सूची में भी 28 हजार आवास फिर स्वीकृत होकर आया है। छुटे हुए लोगों का आवास भी स्वीकृत हो रहा है। कौंदकेरा जैसे छोटे से गांव में 500 जैसे लोगो का आवास एक साथ स्वीकृत हुआ। ये सब काम 5 साल तक कांग्रेस शासनकाल में रूका हुआ था। मुझे लगता है कि आने वाले दो साल में खपरा वाला मकान देखने को नहीं मिलेगा। सभी का पक्का आवास बन जाएगा।







### कोमा से सेम्हरतरा, पीपरछेड़ी, बेलटुकरी मार्ग फोरलेन बनने की तैयारी

विधानसभा क्षेत्र के ग्राम मडेली में 132 केबी सब स्टेशन 86 करोड़ रुपये की लागत से मंजूरी मिली है। यह मंजूरी मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने विधायक रोहित साहू की विशेष मांग पर दी है। यह योजना आने वाले वर्षों में क्षेत्र की खेती-किसानी और आर्थिक आत्मनिर्भरता के लिए मील का पत्थर साबित होगा। विधायक रोहित साहू ने कहा कि राजिम से छुरा सड़क मार्ग के लिए 145 करोड़, बोरसी से पाण्डुका मार्ग के लिए 81 करोड़, सिलयारीबाहरा रोड के लिए 781 करोड़ जैसे ढेर सारे कार्यो की स्वीकृति मिल गई है। कोमा से सेम्हरतरा, पीपरछेड़ी, बेलटुकरी मार्ग भी फोरलेन बनेगा। कहा कि जिसे वोट देकर विधायक बनाए हो वह आपका बेटा सब काम कर रहा है। आज विधायक के साथ आपकी रोज मुलाकात हो जाती है। पहले ऐसा नही हो पाता था। विधायक आपके साथ सदैव खड़ा है। मालूम हो कि विधानसभा क्षेत्र के प्रत्येक ग्राम पंचायत में जन्मदिन के अवसर पर पौधारोपण किया गया।

## स्नेह और आशीर्वाद मेरी सबसे बड़ी ताकत : साहू

**गरियाबंद।** राजिम विधायक रोहित साहू के जन्मदिन पर उनके राजिम स्थित निवास में देर रात से ही बधाई देने वालों की भीड़ उमड़ पड़ी। जैसे ही घड़ी ने रात के 12 बजाए, समर्थकों और भाजपा कार्यकर्ताओं ने गर्मजोशी से उन्हें जन्मदिन की शुभकामनाएं दी। कार्यकर्ताओं ने फूल-मालाओं से उनका स्वागत किया और जन्मदिन की खुशियां मनाईं। इस अवसर पर विधायक श्री साहू ने केक काटा और सभी का आभार व्यक्त किया। विधायक ने कहा की यह स्नेह और आशीर्वाद ही मेरी सबसे बड़ी ताकत है। मैं जनसेवा के अपने संकल्प को और भी दृढ़ता से निभाने का प्रयास करूंगा।

जिला अध्यक्ष अनिल चंद्रकार, जिला अध्यक्ष अनिल चंद्रकार ने कहा की वो निरंतर जनसेवा और विकास की दिशा में अग्रसर हैं। उनकी सादगी, समर्पण और कार्यशैली हम सभी के लिए प्रेरणास्त्रोत है। बीते वर्षों में



उन्होंने राजिम विधानसभा क्षेत्र के विकास में जो योगदान दिया है, वह सराहनीय है। संगठन को उन पर गर्व है। मैं ईश्वर से प्रार्थना करता हूं कि उन्हें दीर्घायु और उत्तम स्वास्थ्य प्रदान करें, ताकि वे इसी तरह जनसेवा करते रहें।"

इस मौके जिला भाजपा अध्यक्ष अनिल चंद्राकर, जनपद उपाध्यक्ष फिंगेश्वर सतीश यादव, नपा उपाध्यक्ष आसिफ मेमन, भाजपा मंडल अध्यक्ष सुमित पारख, अजय रोहरा, सागर मयाणी, सुरेंद्र सोनटेके, सूरज सिन्हा इम्मू मेमन, ऋषिकांत मोहरे प्रीत सोनी पप्पू ठाकुर शीतल सिन्हा, प्रतीक सिंह, अमित वखारिया, यश मिश्रा, अभिषेक तिवारी कासिम मेमन सुजल कान्हा किशोर साहू सहित क्षेत्र के अनेक जनप्रतिनिधि, भाजपा पदाधिकारी, सामाजिक कार्यकर्ता और बड़ी संख्या में आम नागरिक भी उपस्थित रहे।

### विधायक साहू के जन्मदिवस पर वृक्षारोपण एवं भूमिपूजन

**फिंगेश्वर।** ग्राम पंचायत कौन्दकेरा में राजिम विधानसभा क्षेत्र के विधायक रोहित साहू के जन्मदिवस पर भाजपा पदाधिकारी कार्यकर्ताओ द्वारा भूमि पूजन एवं विधायक के द्वारा स्वीकृत शेड निर्माण, गली कांक्रीटीकरण एवं नाली निर्माण का कुल 47 लाख 35 हजार रुपए का भूमिपूजन के साथ पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। बता दे कि राजिम क्षेत्र के विधायक रोहित साहू के जन्मदिवस के शुभ अवसर पर ग्राम पंचायत कौन्दकेरा के भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ताओं द्वारा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री विष्णु देव साय द्वारा चलाए जा रहे "एक पेड़ माँ के नाम" अभियान के अंतर्गत वृक्षारोपण किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत सभापति नंदनी साहू,जनपद सदस्य रामेश्वरी कुर्रे,सरपंच श्रीमति राधिका यादव,ओंकार साहू,सोमप्रकाश साहू, बाबूलाल साहू, दूजलाल साहू,चिमन साहू, छन्नूलाल साहू, पदमा साहू, गिरजा टंडन, जनक साहू, ठाकुर राम साहू, फूलजी साहू, भूपेंद्र निषाद सहित भाजपा कार्यकर्ताओ ने पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए विभिन्न स्थानों पर पौधारोपण किया वहीं पानी टंकी के पास शेड निर्माण का भूमिपूजन किया गया।








# सात साल बाद भी घुम्मकई बांध का उलट बन नहीं पाया, किसानों में आक्रोश

हरिभूमि न्यूज ⏭ रसेला

किसान की मेहनत सफल तभी हो सकती है जब किसान के पास समय पर सिंचाई के लिए जल उपलब्ध हो। ज्ञात हो कि ग्राम रसेला में घुम्मकई चेक डैम का उलट 2018 से टूटा हुआ है, जिसकी जानकारी जलसंसाधन विभाग को दे दिया गया है। परंतु आज 7 साल होने जा रहा है विभाग इस ओर ध्यान नहीं दिया गया है। जिसके कारण बारिश के दिनों में किसानों को इस चेक डैम से पानी नसीब नहीं हो रहा है। उलट टूटने से बारिश का पानी बहकर नदी में जाकर मिल जाता है। और उसके बाद गर्मी आते तक वह पूरी तरह से जल विहीन हो जाता है। इस चेक डैम से सैकड़ों एकड़ फसल में पानी की सिंचाई होती है। यहां पर बारिश के समय में किसानों को खुद से ही श्रमदान कर अपनी फसलों को बचाने के लिए बोरिया में रेत भरकर दीवार बनानी पड़ती है, सुशासन तिहार में किसानों ने रखी है मांग - इस समस्या को लेकर किसानों ने सुशासन तिहार में अपनी मांगे रख दी है, जिससे उनकी समस्याओं का समाधान हो सके, इसके बावजूद अब तक विभागीय अधिकारियों ने किसी तरह किसानों से संपर्क नहीं किया है। किसान भागीरथी भुजिया, कमलेश्वर नायक, नदूदास मानिकपुरी, कुबेर बारिक, टेसराम नायक, धनीराम यादव, सतूराम यादव, कंसराम ठाकुर, बुधराम, शंकर कुर्रे, ईश्वर, भुजबल नायक, पवन साहू, देवलाल बारिक, लुकेश्वर भुजिया, रूपसिग, तिलकराम, नामदेव, लोमेश, लोकराम यादव, दिव्यानंद, परमेश्वर यादव, नंदकिशोर यादव, परदेशी, जगदीश, देवलाल, वेदव्यास निषाद सहित सभी कृषकों ने बताया कि जब से उलट टूटा है तब से अपने स्वयं के खर्चे से सिंचाई करने के लिए बंधन किया जा रहा है, लेकिन सेफ्टी दीवाल बनाने की अतिआवश्यकता है।

**श्रमदान कर बोरिया में रेत भरकर दीवार बनानी पड़ती है**



### माथे पर अभी से फसल बचाने की चिंता

किसानों ने यह भी कहा कि 7 वर्षों तक अपनी समस्याओं को संबंधित विभाग, कलेक्टर, विधायक, मंत्री से लेकर संत्री तक प्रमुखता से रखा गया, लेकिन संबंधित अधिकारियों और जनप्रतिनिधि ने ध्यान नहीं दिया जिसकी वजह से आज तक हमें यह समस्याएं झेलनी पड़ रही है। कुछ दिनों में मानसून सक्रिय हो जाएगा। फिर किसानों के माथे पर अभी से फसल बचाने की चिंता देखीं जा रही है। ज्ञात हो कि इस चेक डैम उलट जीर्णोद्धार कार्य के लिए मनरेगा के तहत 8 लाख स्वीकृत 2020/22 में हुआ था मगर अभी निर्माण कार्य शुरू नहीं हुआ है। प्रदेश सरकार किसानों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए कई योजनाएं चला रही है, लेकिन रसेला की स्थिति इससे बिल्कुल विपरीत नजर आ रही है। बारिश में भी यहां के किसान बूंद बूंद पानी को तरस रहे हैं।

## खबर संक्षेप

### बासीन में जैविक मेला सह कृषक सम्मेलन आज

**गरियाबंद।** भारत सरकार के कृषि एवं किसान कल्याण विभाग, कृषि अनुसंधान एवं शिक्षा विभाग तथा भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद की सहभागिता से 29 मई से 12 जून 2025 तक विकसित कृषि संकल्प अभियान राष्ट्रव्यापी अभियान चलाया जा रहा है। इसी तारतम्य में मंगलवार 10 जून को प्रातः 10.00 बजे से फिंगेश्वर विकासखण्ड के ग्राम पंचायत बासीन के बाजार चौक में जैविक मेला सह कृषक सम्मेलन का आयोजन किया जायेगा। कलेक्टर बीएस उईके ने कार्यक्रम के सुचारू रूप से संपादन के लिए कृषि, पशुधन, कृषि विज्ञान केन्द्र, मत्स्य, उद्यान, सहकारिता, स्वास्थ्य, महिला एवं बाल विकास, जनपद पंचायत, कृषक उत्पादक विपणन सहकारी समिति मर्यादित सहित अन्य विभागों को विभिन्न दायित्व सौंपे गये हैं। कृषि विभाग के उप संचालक श्री चंदन राय ने बताया कि जैविक मेला सह कृषक सम्मेलन में कृषि से संबंधित विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जायेगा।

### स्कूल बंदी के विरोध में कांग्रेस करेगी 11 जून को शिक्षा कार्यालय का घेराव

**मैनपुर।** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी मैनपुर के अध्यक्ष रामकृष्ण ध्रुव ने बताया युक्तियुक्त करण के तहत पूरे प्रदेश मे 10 हजार 463 स्कूलों के बंद होने के विरोध मे प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आव्हान पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी मैनपुर द्वारा 11 जून दिन बुधवार को विकासखंड शिक्षा कार्यालय का घेराव किया जायेगा श्री ध्रुव ने बताया कि जबसे छत्तीसगढ़ मे भाजपा की सरकार बनी है शिक्षा का व्यावसायीकरण किया जा रहा है भाजपा द्वारा शिक्षा विभाग में नए सेटअप के नाम पर किये जा रहे युक्तियुक्त करण के नाम पर हजारो स्कूलो को बंद किए जायेंगें। शिक्षकों के साथ- साथ स्कूल मे कार्यरत रसोईयों भृत्य स्वीपर महिला समूहो के रोजगार पर प्रभाव पड़ेगा व रोजगार के रास्ते बंद हो जायेगें राज्य सरकार के इस रोजगार विरोधी नीति के विरोध मे कांग्रेस द्वारा शिक्षा न्याय आंदोलन किया जा रहा है।



### आम, अनार, कटहल व अमरूद के लगाए पौधे

**अभनपुर।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर नवा रायपुर अटल नगर वेलफेयर एसोसिएशन के सूरज दुबे के नेतृत्व मे सेक्टर-27 स्थित शिवालय परिसर में छत्तीसगढ़ शासन के एक पेड़ मां के नाम 2.0 अभियान के अंतर्गत एक हजार से अधिक पौधे लगाकर वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में आम, अनार, कटहल, आंवला, अमरूद, पपीता, मुनगा, जामुन जैसे फलदार और औषधीय गुणों वाले पौधे लगाए गए। बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक सभी ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। सोसाइटी का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाना और क्षेत्र में हरियाली को बढ़ावा देना था। स्थानीय नागरिकों ने इस पहल की सराहना की और भविष्य में भी ऐसे आयोजन जारी रखने का आग्रह किया।

**विडंबना : सुरक्षा के लिए लगाए गए घेराव और तारबाड़ टूटकर हो चुके हैं बेकार**

# पौधारोपण पर लाखों खर्च, सुरक्षा के बिना 90 प्रतिशत पौधे सूख गए

हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर

गरियाबंद वनमंडल अंतर्गत पौधारोपण के नाम पर पिछले दस वर्षो में कई स्थानों पर साल व अनेक फलदार वृक्षों का रोपण किया गया लेकिन इसमें सफलता नहीं मिली कई जगह सिर्फ बोर्ड ही नजर आ रहे है, और पौधा बचा ही नहीं इसके पीछे मुख्य कारण जहां एक ओर पौधारोपण के बाद इसके देखरेख के तरफ ध्यान नहीं देना तो दूसरी ओर पौधा रोपण के बाद उसके सुरक्षा सिंचाई में ध्यान न देना है। तहसील मुख्यालय मैनपुर से दो किलोमीटर दूर वन परिक्षेत्र मैनपुर अंतर्गत 2014-15 एवं वर्ष 2018-19 में कक्ष क्रमांक 1032 में लाखों पौधे साल के लगाए गए थे लेकिन वहां नाम मात्र पौधे बच पाए है। इस ओर सबंधित विभाग द्वारा ध्यान भी नहीं दिया जा रहा है और तो और चारों तरफ जो घेरा लगाया गया था वह भी टूट फुट चुका है। पांच वर्ष पहले वन विभाग द्वारा मैनपुर नगर के चारो तरफ मुख्य मार्ग के किनारे लाखों रूपये खर्च कर वृक्षारोपण कार्य किया गया था और इसे बकायदा सीमेंट के पोल व तार का घेरा लगाकर इसकी सुरक्षा की उपाय भी किया गया था पर समय समय में इन वृक्षों के लिए पानी की व्यवस्था नहीं करने के कारण आज 90 प्रतिशत पौधे मर चुके है और तो और इसकी सुरक्षा के लिए लगाए गए घेरा व तार का बाड़ा टूट फूटकर तहस नहस हो चुका है लेकिन इस ओर ध्यान देने वाला कोई नहीं है, आज सबसे ज्यादा जरूरत वृक्षारोपण की है और शासन वृक्षारोपण के नाम पर हर वर्ष विश्व पर्यावरण दिवस के दिन और बारिश के दिनों में बड़े-बड़े आयोजन कार्यक्रम कर लाखों रूपए खर्च कर वृक्षारोपण तो करती है लेकिन इसके बाद इसका सुध लेने वालों कोई नहीं रहता जिसके कारण आज 90 प्रतिशत वृक्ष तहस नहस हो चुका है।

**सुरक्षा करने वाला कोई नहीं :** उल्लेखनीय है कि मैनपुर जिड़ार मार्ग में वन विभाग द्वारा महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गारंटी योजना के माध्यम से पथ पौधारोपण का कार्य लगभग 15 लाख रुपए की लागत से किया गया था, इसी तरह मैनपुर भाठीगढ़, मैनपुर- देवभोग मार्ग में भी सड़क किनारे पौधा रोपण वृक्ष महोत्सव कार्यक्रम के तहत लाखों रुपए खर्च कर किया गया था लेकिन आज इन मार्गो में 90 प्रतिशत पौधे मर कर नष्ट हो चुके है और जो 10 प्रतिशत पौधे बचा है उसकी भी सुरक्षा करने वाला कोई नजर नहीं आ रहा है जब पौधारोपण कार्य चल रहा था उस समय क्षेत्र की जनता ने इसके सुरक्षा के लिए लगाए जा रहे सीमेंट पोल की घटिया सप्लाई की शिकायत किया था लेकिन वन विभाग द्वारा क्षेत्र की जनता की शिकायत को दरकिनार कर दिया गया और तो और उसी घटिया सीमेंट पोल को सुरक्षा के लिए खंबे के रूप में लगाकर उसमें तार से घेरा गया लेकिन घटिया सीमेंट पोल होने के कारण यह महज एक माह के अंदर पोल जगह-जगह से टूटकर गिर गया।





### पौधारोपण के लिए लगाए गए बोर्ड रातों रात गायब

पोल को देखने से उसकी गुणवत्ता को आसानी से समझा जा सकता है क्योंकि पोल में तार का उपयोग ही नहीं किया गया है जबकि जानकार बताते है कि सीमेंट के पोल मे तार का उपयोग करने पर ही वह मजबूत रहता है, घटिया पोल लगाने से तार के घेरे टूट जाने से मवेशियों ने पौधों को अपना चारा बना लिया और लाखों रूपये खर्च करने के बावजूद शासन ने जिस उद्देश्य के तहत पौधारोपण किया था वह पूरा नहीं हो सका जबकि वृक्षारोपण में जाम, आम, अमरूद, निलगिरी, बबूल, सागोन, पीपल आदि महत्वपूर्ण पधौं का रोपण किया गया था। अभी एक माह पूर्व इन पौधारोपण के लिए लगाए गए बोर्ड रातों रात गायब कर दिए गए जो कई सवालों को जन्म देता है।

## पटवारी संघ की बैठक में जिला अध्यक्षों को किया सम्मानित



**मैनपुर।** राजस्व पटवारी संघ के प्रांतीय बैठक का आयोजन रायपुर में किया गया। इस बैठक में महत्वपूर्ण दो बिन्दुओं पर चर्चा की गई प्रांतीय निर्वाचन एवं संसाधन भत्ता प्रांत अध्यक्ष, सचिव, कोशाध्यक्ष की निर्वाचन की अधिसूचना जारी किया गया है। संसाधन भत्ता जो कि वित्त मंत्री द्वारा बजट में घोषणा किया गया था आज तक प्राप्त नहीं हुआ है। इस पर चर्चा की गई इसके अलावा बैठक में पटवारियों के समस्याओं को लेकर चर्चा की गई। इस बैठक में गरियाबंद पटवारी संघ के जिलाध्यक्ष गुलशन यदु को सम्मानित किया गया। इस दौरान सचिव लवकुमार साहू, कोशाध्यक्ष टकेश्वर वर्मा, ताम्रध्वज दिवान भी शामिल हुए।

## 10 लाख के सीसी रोड का भूमि पूजन एवं पौधा रोपण किया गया



**मुड़ागांव(कोरासी)।** ग्राम पंचायत कनेसर के आश्रित ग्राम जुनवानी में सोमवार को विधायक रोहित साहू के जन्म दिवस पर भाजपा कार्यकर्ता व ग्राम पंचायत सरपंच एवं पंचगणों के द्वारा 10 लाख सीसी रोड का भूमि पूजन एवं पौधा रोपण किया गया इस अवसर पर उप सरपंच लता मूलचंद साहू, मंडल उपाध्यक्ष मुकेश पटेल, बुथ अध्यक्ष कृष्ण कुमार पटेल, बुथ अध्यक्ष योगेश ध्रुव, सरपंच योगेश ध्रुव पंच दुलारू राम ध्रुव, रामभरोसा ग्राम पटेल भारत ध्रुव, प्रहलाद पटेल, सुरेश दास कोटवार आदि उपस्थित थे।

## माता-पिता व विधायक के जन्मदिन पर लगाते हैं हर साल एक पौधा



**कोपरा।** राजिम विधानसभा अंतर्गत ग्राम लोहरसी निवासी भूतपूर्व सरपंच घनश्याम पटेल अपने निजी जमीन पर प्रतिवर्ष अपने माता पिता के नाम से 9 जून को फलदार व छाया दार वृक्ष अपने सहपरिवार के साथ मिलकर लगाते है पिछले दस वर्षो से वृक्षारोपण का कार्य करते आ रहे हैं। माता- पिता के साथ -साथ लाडले विधायक रोहित साहू के अवतरण दिवस पर फलदार वृक्ष लगाते आ रहे है और उनकी देख रेख भी स्वयं कर रहे हैं। इस वर्ष भी उन्होंने आम का फलदार वृक्ष रोपण किया है। अब तक पटेल ने लगभग 50 से अधिक पौधा लगा चुके हैं जो बड़ा होकर आज छांव दे रहे है। उन्होंने कहा की पर्यावरण को संतुलन बनाये रखने ० मेरे माता-पिता के रूप में मै पेड़ लगता हूं पिछले कुछ वर्षों से राजिम विधायक रोहित साहू के नाम से भी पेड़ लगाता हूं अपनी निजी जमीन पर आम का पेड़, नींम, नीबू, पपीता, आंवला, जाम, बेल, कटहल, नारियल जैसे कई अलग -अलग प्रकार के वृक्ष लगाया हूं। मै सभी युवा साथी से अपील करता हूं की अपने अपने घरो के आसपास या बाड़ी में एक पेड़ जरुर लगाए ताकि पर्यावरण संतुलन रहे और हमें शुद्ध हवा व छांव मिले। अपने युवा होने का कर्तव्य पूरा करना चाहिए। इस कार्य में मेरा पूरा परिवार सहयोग करता है जिसमें प्रमुख रूप से मेरी धर्मपत्नी सरोज पटेल, पुत्र चंद्रकांत पटेल, लिलेश पटेल, हलधर पटेल, डीगेश्वर पटेल, नेहल पटेल, हेजल पटेल, केशव पटेल, लक्ष्मी पटेल चैतन्य पटेल मोहित ध्रुव का सहयोग रहा।

## प्राइवेट स्कूल संचालक कल्याण संघ की बैठक एंजेल्स एंगलो पब्लिक स्कूल में हुई

**पाण्डुका।** गरियाबंद जिला प्राइवेट स्कूल संचालक कल्याण संघ की बैठक सोमवार को संघ के कार्यालय एंजेल्स एंगलो पब्लिक स्कूल गरियाबंद में आयोजित की गई। जिसमें प्राइवेट स्कूलों के विभिन्न समस्याओं और मांगों के संदर्भ में संचालकों के मध्य बातचीत हुई एवं उन समस्याओं के समाधान के लिए रणनीति निर्धारित की गई। आगामी शिक्षकीय सत्र को देखते हुए पाठ्यपुस्तक निगम से मिलने वाली शिक्षण पुस्तकों की उपलब्धता जो अब तक नहीं हो पाई उसको उपलब्ध कराने की मांग संघ सदस्यों ने रखी। एवं इसके लिए उच्च अधिकारियों के समक्ष अपनी बातों को रखने पर सहमति बनी। इसी तरह आरटीई राशि को जो कि पिछले सेशन से विलंबित है को अविलंब प्राप्त करने संबंधी जरूरी मंत्रणा इस बैठक में हुई। साथ ही आगामी 12 जून को रायपुर में आयोजित होने वाले प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम /"एक पीपल का पेड़ गुरु के नाम कार्यक्रम जो राज्य के अशाश्कीय विद्यालय संगठन का प्रदेश स्तरीय आयोजन है जिसकी शुरुआत प्रदेश के मुख्य मंत्री श्री विष्णु देव साय जी द्वारा होना है की सफलता हेतु जिले की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए रणनीति बनी। संघ की गतिविधियों के सुचारू संचालन के लिए सदस्यों के मध्य सदस्यता विस्तार एवं नियमों को कड़ाई से लागू करने हेतु बातचीत हुई जिले के पांच ब्लाकों में स्थित स्कूलों से बड़ी संख्या में संचालक इस बैठक में शामिल हुए।

## अकलवारा में निषाद समाज के लिए टीना शेड का भूमिपूजन



**मुड़ागांव(कोरासी)।** ग्राम पंचायत अकलवारा में सोमवार को विधायक रोहित साहू के जन्मदिन पर ग्राम फिंगेश्वरी में सीसी रोड और ग्राम पंचायत अकलवारा में निषाद समाज के लिए टीना शेड का भूमिपूजन खड़मा मंडल अध्यक्ष हेमन्त सिन्हा जनपद सदस्य पुष्पालता सिन्हा, ग्राम प्रमुख पुरन सिंह ठाकुर, सरपंच गोवर्धन दीवान, उप सरपंच उर्मिला निषाद, पालेन्द्र साहू, राजकुमार सेन सहित ग्राम के प्रमुख जनों के उपस्थिति में किया गया। इस अवसर पर पंच रोहित कुमार साहू, यादराम बघेल, सोनूलाल दीवान, गौतम ध्रुव, तोकेश्वर सेन, पन्नालाल दीवान, लेखराम दीवान, मन्नु राम निर्मलकर, हीरो बाई ठाकुर, भोज बाई दीवान, टीकेश्वरी ताण्डी, हराबाई दीवान, राधिका निषाद, सुहागा दीवान, दुलारी दीवान, बिरम दीवान, लुकेश्वरी दीवान, लकेश्वरी दीवान, सचिव घनश्याम यदू, लाकेश कुमार, सीताराम सेन बरातु राम सहित ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# लोहरसी में 9 लाख की सीसी रोड का भूमिपूजन

**कोपरा।** क्षेत्र के ग्राम लोहरसी में सोमवार को राजिम विधायक रोहित साहू के अवतरण दिवस पर मंडी बोर्ड के तरफ से 9 लाख 18 हजार के लागत से बनने वाला सीसी रोड का विधायक के मार्गदर्शन पर सोमवार को बूथ अध्यक्ष पूरण लाल साहू के नेतृत्व में गजानंद टंडन घर से सुखनंदन घर तक सीसी रोड निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया गया। बता दे की गांव के इस मोहल्ले में कई वर्षो से कीचड़ जमा जमा रहता था जिससे ग्रामीणों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता था जो खेत खार जाने का प्रमुख मार्ग है अब विधायक रोहित साहू द्वारा विकास कार्य दिया गया है जिससे अब ग्रामीणों की वर्षो से रुकी मांग पूरी होने से आवागमन में आसानी होगी। उपस्थित भाजपा कार्यकर्ता ग्राम पंचायत सरपंच पंचगन और ग्रामीणों ने चंदन धुप अगरबत्ती पुष्प नारियल तोड़ कर कार्य को गति दी। सरपंच लोमस साहू ने कहा की ग्रामीणों की बड़ी समस्या को दूर किया है। मंडी अध्यक्ष पूर्व जनपद सदस्य वर्तमान जनपद सदस्य उपसरपंच ने विधायक रोहित साहू को जन्मदिन की बधाई दी। इस दौरान बूथ अध्यक्ष पूरण साहू, जनपद सदस्य नीता साहू, सरपंच लोमस साहू, मंडी अध्यक्ष धनीराम साहू, उपसरपंच निलेश टंडन, पूर्व जनपद सदस्य दीपक साहू, पंच भगवानदास जांगडे सोहन साहू, मोहन सतनामी, युगल साहू, सोहन साहू, छन्नू साहू, ढालेस साहू, गिरेन्द्र साहू सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन मौजूद रहे।



## बारुला में किया गया पौधा रोपण

**छुईहा बेलर।** ग्राम पंचायत बारूला सरपंच सुकदेव साहू के मार्गदर्शन में रोहित साहू विधायक राजिम के जन्मदिन के अवसर पर पंचायत भवन मां के नाम एक पेड़ का शुभारंभ किया गया। सोमवार को सांकेतिक पौधारोपण किया गया। वहीं मानसुन आने पर बृहद वृक्षारोपण किया जायेगा। सरपंच सुकदेव ने कहा

विधायक रोहित साहू जी के जन्मदिन के पावन अवसर पर केक काटकर जन्मदिन मनाया गया और ग्राम पंचायत बारुला में पौधा रोपण किया गया। इस मौके पर सुकदेव राम साहू सरपंच, उत्तम सोनवानी उपसरपंच, कमलेश साहू बुथ अध्यक्ष, अशोक साहू भाजपा कार्यकर्ता, कमला साहू पंच, पूर्णिमा पराना पंच, चंद्रिका मार्कण्डेय पंच, अमृत ध्रुव पंच,सुखवतीन साहू पूर्व पंच, गोपेश सेन सचिव, दीपक कुमार साहू रोजगार सहायक, ओंकार साहू,बाला राम भृत्य बलदाऊ साहू,दुलरवा साहू, उमा साहू पंच, दुर्गा साहू पंच,पुर्व सरपंच रामबाई साहू इत्यादि लोग उपस्थित थे।



**सुदामा चरित्र की व्याख्या से श्रोतागण के आंसू बहते रहे**

# भगवान कृष्ण और सुदामा की मित्रता है मिसाल

**मुड़ागांव(कोरासी)।** ग्राम पंचायत हरदी में श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन हो रहा है। जिसमें महामंडलेश्वर संत श्री गोवर्धन शरण व्यास चतुर्भुज सिरकट्टी आश्रम के श्री मुख से प्रतिदिन ज्ञान की गंगा बह रही हैं। भागवत कथा सुनने के लिए विशाल श्रोता समाज श्रद्धालु भक्त सुदामा चरित्र, परीक्षित का मोक्ष पहुंच रहे हैं कथा के आठवां दिन सुदामा चरित्र, परीक्षित मोक्ष और तुलसी वर्षा का व्याख्या किया गया। संत गोवर्धन शरण व्यास ने बताया तुलसी वर्षा श्रीमद्भागवत कथा में वर्णित महत्वपूर्ण प्रसंग हैं। सुदामा चरित्र भगवान कृष्ण और सुदामा की गहरी मित्रता का उदाहरण है। परीक्षित मोक्ष की कथा राजा परीक्षित को शुकदेव द्वारा श्रीमद्भागवत कथा के श्रवण से मोक्ष प्राप्त होने की कहानी है। तुलसी वर्षा एक धार्मिक अनुष्ठान है जिसमें भक्त तुलसी के पत्तों को भगवान के ऊपर या देवी-देवताओं के चित्र पर बरसाते हैं।

सुदामा, भगवान कृष्ण के एक परम मित्र थे। वे गरीब ब्राह्मण थे, लेकिन उन्होंने कभी अपने मित्र से कुछ नहीं मांगा। एक बार जब वे अत्यंत दरिद्र थे, तो उन्होंने अपनी पत्नी के आग्रह पर भगवान कृष्ण से मिलने द्वारका जाने का निर्णय लिया। भगवान कृष्ण ने उन्हें नंगे पैर जाकर गले लगाया और उनकी दीन दशा देखकर उनके आंखों से आंसू बहने लगे।



### परीक्षित मोक्ष और तुलसी विवाह का किया वर्णन

तुलसी वर्षा एक धार्मिक अनुष्ठान है जिसमें भक्त तुलसी के पत्तों को भगवान के ऊपर या देवी-देवताओं के चित्र पर बरसाते हैं। यह अनुष्ठान भगवान को प्रसन्न करने और उनके आशीर्वाद प्राप्त करने के लिए किया जाता है। श्रीमद्भागवत कथा के सातवें दिन सुदामा चरित्र, परीक्षित मोक्ष और तुलसी विवाह का वर्णन किया गया जिसमें सुदामा चरित्र का व्याख्या करते समय आंख से आंसु बहते हुए सुनाए एवं श्रोतागण भी भींगे नम आंखों से कथा रसामृत ग्रहण किए। वार्षिक श्राद्ध भक्ति संगीतमय भागवत कथा का आयोजन देवनारायण कीर्ति साहू एवं समस्त ग्रामवासी हरदी के तत्वाधान में स्व श्री सुबेलाल साहू एवं स्व श्रीमती शांतिबाई साहू के शांति एवं मोक्ष के लिए किया जा रहा हैं।

